# नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस 2022

## प्रलिम्सि के लयि:

नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस

## मेन्स के लयि:

आतंकवाद में प्रौद्योगकिी का उपयोग, आतंकवाद से नपिटने की पहल, आतंकवाद से नपिटने में चुनौतयिाँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में आतंकवाद-वरिोधी वत्तिपोषण पर तीसरा **'नो मनी फॉर टेरर' (NMFT) मंत्रस्तिरीय सम्मेलन** नई दल्लिी, भारत में आयोजति कयिा गया।

- भारत के प्रधानमंत्री ने दृढ़ता से आतंकवाद से नपिटने में कसिी भी अस्पष्टता से बचने के लयि कहा है और उन देशों के खलिाफ भी चेतावनी दी है जो **आतंकवाद को वदिेश नीतकि एक उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं।**

## नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस:

- **परचिय:**
  - "नो मनी फॉर टेरर" कॉन्फ्रेंस 2018 में फ्राँसीसी सरकार की एक पहल के रूप में शुरू कयिा गया था,**जो वशिेष रूप से देशों के बीच आतंकवाद के वत्तिपोषण को रोकने के लयि सहयोग पर ध्यान केंद्रति करने के लयि था।**
    - वर्ष 2019 में सम्मेलन ऑस्ट्रेलयिा में आयोजति कयिा गया था।
    - इसे वर्ष 2020 में भारत में आयोजति कयिा जाना था लेकनि कोवडि-19 महामारी के कारण इसे स्थगति कर दयिा गया था।
- **महत्त्व:**
  - ईसने भाग लेने वाले देशों और संगठनों को आतंकवाद के वत्तिपोषण पर वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय शासन की प्रभावशीलता एवं उभरती चुनौतयिों से नपिटने के लयि आवश्यक कदमों पर वचिार-वमिर्श करने हेतु एक अनूठा मंच प्रदान कयिा।
- **सम्मेलन 2022:**
  - **इसमें 72 देशों और 15 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतनिधियिों ने भाग लयिा।**
  - सम्मेलन के दौरान **चार सत्रों में वभिन्नि मुद्दों पर वचिार-वमिर्श कयिा गया था,** जसिमें नम्निलखिति बदि प्रमुख थे:
    - आतंकवाद और आतंकवादी गतविधियिों के वत्तिपोषण में वैश्वकि रुझान।
    - आतंकवाद के लयि धन के औपचारकि और अनौपचारकि माध्यमों का उपयोग।
    - उभरती प्रौद्योगकियिाँ और आतंकवादी वत्तिपोषण।
    - आतंकवादी वत्तिपोषण का सामना करने में चुनौतयिों का समाधान करने के लयि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग।

## NMFT सम्मेलन 2022 में भारत का पक्ष:

- **अफगानस्तिान में सत्ता परविर्तन:**
  - इस तथ्य के आलोक में क**िअफगानस्तिान में पछिले शासन परविर्तन** के परणिामस्वरूप 9/11 हमला हुआ था, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इससे **उत्पन्न खतरों से अवगत होने की सलाह दी।**
  - सत्ता परविर्तन और **अल कायदा और इस्लामकि स्टेट ऑफ इराक एंड सीरयिा (ISIS)** का बढ़ता प्रभाव क्षेत्रीय सुरक्षा के लयि एक गंभीर चुनौती के रूप में उभरा है।
- **आतंकवादयिों के सुरक्षति ठकिानों का पर्दाफाश:**
  - भारत ने इस बात पर ज़ोर दयिा कअिंतर्राष्ट्रीय समुदाय को कभी भी **आतंकवादयिों के सुरक्षति ठकिानों या उनके संसाधनों की अनदेखी नहीं करनी चाहयि।**
  - उन्हें **प्रायोजति और समर्थन करने वाले ऐसे तत्त्वों की दोहरी नीतयिों का पर्दाफाश करना ज़रूरी है।**

- यह महत्त्वपूर्ण है कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों और संगठनों को **इस क्षेत्र की चुनौतियों का चयनात्मक या आत्मसंतुष्ट दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिये।**

- **उभरती प्रौद्योगिकियों से खतरे:**
  - आतंकवादी समूह डार्क नेट और क्रिप्टोकरेंसी जैसे आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी हथियारों की बारीकियों को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं।
    - आतंकवाद का डायनामाइट से लेकर मेटावर्स और एके-47 से आभासी परिसंपत्ति में परिवर्तन निश्चित रूप से विश्व के लिये चिंता का विषय है।
    - **आतंकवाद** और ऑनलाइन कट्टरता के लिये उपयोग किये जाने वाले बुनियादी उपकरणों को वितरित किया जाता है।
      - प्रत्येक देश अपनी पहुँच के भीतर आने वाली सभी शृंखलाओं के खिलाफ कार्रवाई कर सकते है और उन्हें कार्रवाई करनी चाहिये।
- **आतंकवाद समर्थक देशों की लागत:**
  - कुछ देश अपनी विदेश नीति के तहत **आतंकवाद** का समर्थन करते हैं। **वे उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।**
  - **आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी।** आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को भी अलग-थलग किया जाना चाहिये।
- **संगठित अपराध से खतरा:**
  - संगठित अपराध को अलग करके नहीं देखा जाना चाहिये और इन गिरोहों के अक्सर आतंकवादी संगठनों के साथ गहरे संबंध होते हैं।
  - **बंदूक बनाने से मिलने वाले पैसे, ड्रग्स और तस्करी के माध्यम से कमाए गए पैसे को आतंकवाद** में लगाया जाता है।
  - यहाँ तक कि मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अपराध जैसी गतिविधियों को आतंक के वित्तपोषण में मदद करने के लिये जाना जाता है।

## आतंकवाद का मुकाबला करने हेतु पहल:

- **राष्ट्रीय:**
- जनवरी 2009 में **26/11 आतंकवादी हमले** के मद्देनज़र, आतंकवादी अपराधों से निपटने के लिये **राष्ट्रीय जाँच एजेंसी** की स्थापना की गई थी।
- भारत में, गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) संशोधन अधिनियम प्राथमिक आतंकवाद विरोधी कानून है।
- सुरक्षा से संबंधित जानकारी जुटाने के लिये राष्ट्रीय आसूचना ग्रिड (NATGRID) की स्थापना की गई है।
- आतंकवादी हमलों के खिलाफ तेज़ी से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के लिये एक परिचालन केंद्र बनाया गया है।

## वैश्विक:

- संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद विरोधी कार्यालय (UNOCT)
- ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) की आतंकवाद रोकथाम शाखा (TPB)
- वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF)
- आतंकवाद के खिलाफ भारत का वार्षिक संकल्प:

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. आतंकवाद की जटिलता और तीव्रता, इसके कारणों, संबंधों एवं अप्रिय गठजोड़ का विश्लेषण कीजिये। आतंकवाद के खतरे के उन्मूलन के लिये आवश्यक उपायों का भी सुझाव दीजिये। (मेन्स-2021)**

**प्रश्न. जम्मू और कश्मीर में 'जमात ए इस्लामी' पर पाबंदी लगाने से आतंकवादी संगठनों को सहायता पहुँचाने में भूमि-उपरि कार्यकर्त्ताओं (ओ-जी-डब्ल्यू-) की भूमिका ध्यान का केंद्र बन गई है। उपप्लव (बगावत) प्रभावित क्षेत्रों में आतंकवादी संगठनों को सहायता पहुँचाने में भूमि-उपरि कार्यकर्त्ताओं द्वारा निभाई जा रही भूमिका का परीक्षण कीजिये। भूमि उपरि कार्यकर्त्ताओं के प्रभाव को निष्प्रभावित करने के उपायों की चर्चा कीजिये। (मेन्स-2019)**

**प्रश्न. "भारत में बढ़ते हुए सीमापारीय आतंकी हमले और अनेक सदस्य-राज्यों के आंतरिक मामलों में पाकिस्तान द्वारा बढ़ता हुआ हस्तक्षेप सार्क (दक्षिणी एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के भविष्य के लिये सहायक नहीं है।" उपयुक्त उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिये। (मेन्स-2016)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/no-money-for-terror-conference-2022